पुलिस उपायुक्त, कार्यालय काशी-जोन कमिश्नरेट वाराणसी

प्रेस-नोट

दिनांक 29.03.2024

विषय:- मु0अ0सं0 121/2023 धारा 306 भादवि व 3/4 डीपी एक्ट से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया।

श्रीमान पुलिस आयुक्त वाराणसी के लोकसभा चुनाव-2024 के मद्देनजर चोरी/लूट की घटनाओ के सफल अनावरण एवं वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान पुलिस उपायुक्त काशी ज़ोन के निर्देशन मे, श्रीमान अपर पुलिस उपायुक्त काशी ज़ोन के पर्यवेक्षण मे एवं श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त कोतवाली के नेतृत्व में थाना आदमपुर पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0 121/2023 धारा 306 भादवि व 3/4 डीपी एक्ट_थाना आदमपुर कमिश्नरेट वाराणसी से संबंधित वांछित अभियुक्त राजेन्द्र राजभर पुत्र स्वहल्लू 0 राजभऱ निवासी सरायमोहना थाना सारनाथ वाराणसी उम्र 40 वर्ष को दिनांक-29-03-2024 आदिकेशव घाट थाना आदमपुर से गिरफ्तार किया गया।

घटना का विवरण- अभियुक्त अमन राजभर द्वारा शादी का झांसा व प्रेम प्रसंग मे शारीरिक सम्बन्ध बनाना एवं राजेन्द्र राजभर व राजेन्द्र राजभर की पत्नी द्वारा शादी करने हेतु दहेज मे लाख रुपये 10,एक मैजिक गाडी व एक अपाचे गाडी की मांग करने एवं बार बार उक्त बात को कहने पर क्षुब्ध होकर   सोना राजभर उम्र वर्ष द्वारा 18 कोनिया रेलवे लाइन पर ट्रेन के सामने आकर जान देने के सम्बन्ध मे।

विवरण पूछताछ- अभियुक्त राजेन्द्र राजभर पुत्र स्वहल्लू 0 राजभऱ निवासी सरायमोहना थाना सारनाथ वाराणसी उम्र 40 वर्ष बदरियाफ्त पूंछतांछ बता रहा है कि साहब अमन राजभर मेरा बेटा है जो सोना राजभर पुत्री कालीचरन निवासी मकान नं ए वर्ष 19 एस एस कोनिया विजयीपुरा थाना आदमपुर जिला वाराणसी उम्र 79/38 को पिछले दो वर्षों से जानता थादोनो के मध्य प्रेम प्रसंग था जिसकी जानकारी मुझे थी। दोनो लोग अक्सर ही बाहर मिलते जुलते रहते थे। दोनो शादी करना चाहते थे। यह सब देखकर मै भी इन दोनो की शादी के लिए राजी हो गया था। शादी के लिए बरक्षा कार्यक्रम दिनांक को मेरे घर पर हुआ था जिसमें कई लोग 07.11.2022 सम्मलित हुए थे। परन्तु साहब इस रिश्ते के पहले से ही मेरे बेटे की शादी का रिश्ता और कई जगहों से आ रहा था जहां दान दहेज भी मिल रहा था इसी बीच मेरे मन में लालच आ गया और मैने सोना राजभर के पिता कालीचरण से इन दोनो की शादी कराने के नाम पर दहेज के रूप में लाख रूपया व एक मैजिक गाड़ी व एक 10 अपाचे मोटर साइकिल कीमाँग करने लगा और अपनी बात मनवाने के लिए मैने अधिक दबाव बनाकर कह दिया था कि यदि दहेज में यह सब सामान व पैसा नहीं दोगे तो मै अपने बेटे की शादी कही और कर दूंगा। मुझे यह नहीं पता था कि इन सब बातों को लेकर सोना राजभर आत्महत्या कर लेगी। साहब दिनांक 02.11.2023 को मुझे पता चली की इन्ही सब बातों से परेशान होकर सोना राजभर ने कोनिया रेलवे लाइन पर ट्रेन के सामने कूदकर आत्महत्या कर ली थी ।जिस कारण मेरा बेटा अमन पहले ही जेल जा चुका है

<u>गिरफ्तार अभियुक्त/ बाल अपचारीगण का विवरण-</u>

1. राजेन्द्र राजभर पुत्र स्वहल्लू 0 राजभऱ निवासी सरायमोहना थाना सारनाथ वाराणसी उम्र 40 वर्ष

<u>गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-</u>

1. वीरेन्द्र कुमार सोनकर प्रभारी निरीक्षक थाना आदमपुर कमिश्नरेट वाराणसी
2. आरक्षी अजय विक्रम सिंह, थाना आदमपुर कमिश्नरेट वाराणसी
3. आरक्षी वीरसेन सिंह , थाना आदमपुर कमिश्नरेट वाराणसी
4. आरक्षी लल्लन कुमार थाना आदमपुर वाराणसी

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त
काशी जोन, कमिश्नरेट
वाराणसी।